सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 281 | इंदौर, मंगलवार 28 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

एनएच तीन पर भीषण हादसा

## एमपी में बारात ले जा रही पिकअप को ट्रक ने मारी टक्कर, 20 घायल; पांच की हालत गंभीर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़, एजेंसी**। आगरा मुंबई नेशनल हाईवे पर सोमवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। राजगढ़ के पचोर थाना क्षेत्र में मिठ्ठनपुर जोड़ के पास बारात लेकर जा रही पिकअप वाहन को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पिकअप सवार करीब 20 लोग घायल हो गए। इनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन में सवार होकर बाराती शादी समारोह में जा रहे थे। सोमवार शाम जब वाहन पचोर के पास मिठ्ठनपुर जोड़ पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप वाहन सड़क पर कई पलटी खाते हुए किनारे जा गिरा। हादसे के बाद हाइवे पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला।

### करीब 20 घायलों में से पांच की हालत नाजुक

घटना की सूचना मिलते ही डायल 100 और पचोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को बुलाया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पचोर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने सभी का प्राथमिक उपचार शुरू किया। करीब 20 घायलों में से पांच की हालत नाजुक होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाकी घायलों का पचोर अस्पताल में इलाज जारी है।

इंडोनेशिया में भीषण रेल हादसा

## मृतकों का आंकड़ा 14 तक पहुंचा, राहत-बचाव कार्य जारी

**इंडोनेशिया, (एजेंसी)** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के बाहरी इलाके में हुए दर्दनाक ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार सुबह इसकी पुष्टि की। हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। सरकारी रेलवे कंपनी पीटी केरेटा एपी इंडोनेशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बॉबी रसीदिन ने बताया कि अब तक 14 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। सभी शवों को पहचान और अन्य औपचारिकताओं के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। यह हादसा सोमवार को बेकासी तिमुर स्टेशन पर हुआ, जो जकार्ता के बाहर स्थित एक व्यस्त रेलवे स्टेशन है।

● विस में 33% महिला आरक्षण का संकल्प पारित : सीएम बोले-

# कांग्रेस ने बहनों की क्षमता-आकांक्षाओं की पीठ में खंजर घोंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश विधानसभा के विशेष एक दिवसीय सत्र में सोमवार को 'नारी शक्ति वंदन' को लेकर लंबी चर्चा के बाद महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से जुड़ा शासकीय संकल्प ध्वनिमत से पारित हो गया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उसने लंबे समय तक महिलाओं के अधिकारों को रोके रखा और उनकी राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए। सदन में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक महिलाओं की आकांक्षाओं के साथ अन्याय किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में लिए गए कुछ संवैधानिक फैसलों के कारण महिलाओं को समय पर राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना परिसीमन और संवैधानिक प्रक्रिया के महिला आरक्षण लागू करना संभव नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में रहते हुए भी महिला आरक्षण लागू नहीं कर सकी और अब राजनीति कर रही है। डॉ. यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, जबकि सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण लागू है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाएं प्रशासन, राजनीति, शिक्षा और



उद्योग समेत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

### ● "कांग्रेस गिरगिट की तरह रंग बदलती है"

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में रहते हुए भी महिला आरक्षण को टालती रही और अब विपक्ष में रहकर भी भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस का रुख हमेशा विरोधाभासी रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर समय पर फैसले लिए गए होते तो लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की संख्या काफी बढ़ सकती थी।

### ● महिला सशक्तिकरण के आंकड़े भी गिनाए

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मध्यप्रदेश महिलाओं को आगे बढ़ाने में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, जबकि सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण लागू है। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, स्वयं सहायता समूह, ड्रोन दीदी, बैंक सखी और महिला रोजगार योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है। सीएम ने बताया कि प्रदेश में 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से 65 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को हर महीने आर्थिक सहायता दी जा रही है।

### ● महिला सुरक्षा पर भी सरकार का दावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में 57 वन स्टॉप सेंटर संचालित किए जा रहे हैं और 8 नए केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाए गए हैं और महिला सुरक्षा को लेकर सरकार कोई समझौता नहीं करेगी। कांग्रेस ने 30 साल तक बहनों के अधिकारों पर डाका डाला है। उन्होंने कहा कि 1996 में पहली बार महिला आरक्षण बिल आया और कांग्रेस ने उसे अटकाए रखा। कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण को लॉलीपाप बना कर रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने फौलादी इरादों के साथ 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा में रखा था। कांग्रेस ने बहनों की क्षमता और आकांक्षाओं के पीठ में खंजर घोंपने का काम किया है।

# हजारों करोड़ की सौगात देने से पहले युवाओं के बीच प्रधानमंत्री, गंगटोक में खेले फुटबॉल

**गंगटोक, (एजेंसी) सिक्किम की राजधानी गंगटोक की ताजगी भरी सुबह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला। हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देने से पहले पीएम मोदी युवाओं के बीच पहुंचे और उनके साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को जोश से भर दिया।**

सिक्किम दौरे के दौरान पीएम ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर भी साझा किया और लिखा कि गंगटोक की सुबह में युवाओं के साथ फुटबॉल खेलना उनके लिए एक बेहद ऊर्जा देने वाला अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ खेलते हुए उन्हें नई ऊर्जा और सकारात्मकता का एहसास हुआ।



### सिक्किम के 50 वर्ष पूरेः 4000 करोड़ की विकास परियोजनाओं की मिलेगी सौगात

सिक्किम के राज्यत्व के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य में भव्य समापन समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। यह ऐतिहासिक अवसर सिक्किम के लिए बेहद खास माना जा रहा है, जहां विकास और उत्सव दोनों का संगम देखने को मिलेगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री करीब 4,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात राज्य को देंगे, जो विभिन्न क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगी। यह दौरा हिमालयी राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है, जो आने वाले समय में विकास की नई दिशा तय कर सकता है।

# मिलावटखोरों की अब खैर नहीं... अभियान होगा तेज

## कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने, खाद्य सामग्री निर्माण स्थल पर स्वच्छता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि मिलावटखोरों के विरूद्ध चल रहे अभियान को तेज किया जायेगा तथा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित**



कराया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में जिले में मिलावट के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले में खाद्य संस्थानों की नियमित जांच, सैंपलिंग और अमानक पाए जाने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां भी गंदगी या अस्वच्छ वातावरण में खाद्य पदार्थ बनते पाए जाएंगे, वहां सीलिंग और एफआईआर जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि होली पर्व के दौरान "सुरक्षित होली अभियान" चलाकर मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की विशेष जांच की गई थी। अब गर्मी के मौसम को देखते हुए आइसक्रीम, जूस और अन्य मौसमी खाद्य पदार्थों के विक्रय स्थलों पर भी लगातार निगरानी और जांच के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री मिल सके।

कलेक्टर श्री वर्मा ने विशेष रूप से भंवरकुआ और गीता भवन जैसे छात्रावास क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां बड़ी संख्या में बाहरी जिलों के विद्यार्थी निवास करते हैं। ऐसे क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित भोजन उपलब्ध हो सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे और खाद्य सुरक्षा के लिए सघन जांच अभियान जारी रखा जाएगा।

बैठक में बताया गया कि जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों विशेषकर खाद्य सामग्री निर्माताओं के प्रतिष्ठानों का सतत रूप से निरीक्षण किया गया और खाद्य सामग्री के नमूने लेकर जांच के लिये प्रयोगशाला भेजे गये। एक दिसम्बर 2025 से अब तक कुल 545 प्रतिष्ठानों के निरीक्षण किये गये। कुल 1131 खाद्य सामाग्रियों के नमूने लिये गये। इस अवधि में दूध एवं दुग्ध उत्पाद के कुल 222 नमूने प्राप्त किये गये। जिले में उक्त अवधि मे विभिन्न स्थानों में 15 से अधिक बड़ी कार्रवाईयां की गई। हजारों किलोग्राम/लीटर खाद्य सामग्री संदिग्ध होने पर जप्त की गई। कई प्रतिष्ठानों को तत्काल बंद कराया गया। अनेक मामले न्यायालय में दर्ज कराये गये।

# तालाबों और बावड़ियों का सौंदर्यीकरण होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा लंबित प्रकरणों, शिकायतों एवं आवेदनों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में इंदौर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य, अपर आयुक्त नगर निगम आकाश सिंह, प्रखर सिंह, एन.एन. पाण्डे, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान की प्रगति की भी समीक्षा बैठक में की गई। विशेष रूप से महू क्षेत्र की गंभीर नदी के पुनर्जीवन कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि जिले की सभी बावड़ियों एवं जल संरचनाओं का संरक्षण एवं मरम्मत कार्य प्राथमिकता से किया जाए, ताकि जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि हो सके। साथ ही आमजन की भागीदारी सुनिश्चित कर इन स्थलों को धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करने के प्रयास किए जाएं।

# एक्शन में दिखे निगम कमिश्नर, बारिश से पहले नालों की सफाई के निर्देश दिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और आगामी मानसून के दौरान जलभराव की संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में सोमवार को नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने शहर की मास्टर प्लान वाली प्रमुख सड़कों और विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।**



उन्होंने मैदानी स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नालों की सफाई और सड़क निर्माण को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। निगम कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान कलाल कुई रोड, चंद्रभागा पुल से हरसिद्धि होते हुए मच्छी बाजार रोड और गुटकेश्वर महादेव मंदिर से सदर बाजार रोड तक का दौरा किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को हिदायत दी कि मास्टर प्लान की सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को जल्द से जल्द बेहतर ट्रैफिक सुविधा मिल सके। उन्होंने विशेष तौर पर कलाल कुई मस्जिद रोड के निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने विभिन्न क्षेत्रों सहित पीलिया खाल नाले की वर्तमान स्थिति को भी देखा। मानसून के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए उन्होंने जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने और नालों की सफाई को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने चंद्रभागा पुल से हरसिद्धि मार्ग के शेष निर्माण कार्यों को भी शीघ्र समाप्त करने पर जोर दिया ताकि इस महत्वपूर्ण मार्ग पर यातायात का संचालन सुचारू रूप से हो सके और राहगीरों को आवागमन में किसी बाधा का सामना न करना पड़े। गुटकेश्वर से सदर बाजार रोड के मध्य स्थित पुलिया के चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए निगम कमिश्नर ने इसे जल्द पूरा करने की बात कही।

उनका मानना है कि इन प्रमुख परियोजनाओं के पूर्ण होने से संबंधित क्षेत्रों में ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा और वाहन चालकों के लिए आवाजाही सुगम होगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने मेघदूत गार्डन स्थित ट्रंप कंपोज्ड प्लांट और ट्रीटेड पानी हाइड्रेन का भी अवलोकन किया। इस दौरान उनके साथ अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, सहायक यंत्री नरेश जायसवाल और पराग अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कटाक्ष




# मालवा जर्नलिस्ट फोरम ने मनाया पारिवारिक मिलन समारोह

- **मयंक ब्लू वॉटर पार्क में मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर लुत्फ उठाया**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मालवा जर्नलिस्ट फोरम द्वारा बिचौली मर्दाना स्थित मयंक ब्लू वॉटर पार्क में एक शानदार पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने अपने परिवारों के साथ मिलकर पूरे दिन मनोरंजन और आनंद का




अनुभव किया।

कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बड़ों ने वॉटर राइड्स, स्विमिंग पूल और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर लुत्फ उठाया। माहौल पूरी तरह पारिवारिक और उत्साहपूर्ण रहा, जहां सभी ने एक-दूसरे के साथ समय बिताकर आपसी संबंधों को और मजबूत किया। वाटर पार्क के बाहर तपामान चरम पर था लेकिन वाटर पार्क में माहौल ठंडक देने वाला और मस्ती भरा था। एक्वाडिस्को जोन में सदस्यों ने पानी की बौछारों के बीच जमकर डांस कर संगीत का लुत्फ उठाया। मालवा जर्नलिस्ट फोरम के सचिव प्रवीण जोशी ने बताया कि ऐसे आयोजन आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं और मीडियाकर्मियों की तनावभरी जिंदगी से राहत देते है। इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि सदस्यों के बीच एकता और भाईचारा बना रहे। कार्यक्रम के अंत में इस यादगार दिन को खुशी-खुशी बिताया। इस आयोजन मे फोरम के अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह थनवार, दिनेश दुर्वे, विजय सालवीया, सुधीर वर्मा, सुल्तान किरमानी, सुरेखा, अरुणा सालवीया, मनीष शर्मा की विशेष सहभागिता रही।

# गौमाता को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा देने की मांग संत समाज और गौ-भक्तों ने निकाली रैली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देश की सांस्कृतिक आत्मा और कृषि का आधार मानी जाने वाली गौ माता को 'राष्ट्रमाता' का संवैधानिक दर्जा दिलाने के लिए संत समाज और गोरक्षकों ने निर्णायक हुंकार भरी है। 'गो सम्मान आवाहन अभियान' के तहत सोमवार को इंदौर में संतों और गौ-भक्तों के बड़े समूह ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पहले बड़ी संख्या में संत और गौ-रक्षक धोबीघाट मैदान में एकत्र हुए। यहां से रैली निकाली गई, जो कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। रैली में शामिल लोगों के हाथों में तख्तियां थीं। कलेक्टर कार्यालय के बाहर पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी और सीमित लोगों को ही अंदर जाने की अनुमति दी गई, जहां प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। संस्था 'विश्वम' के अध्यक्ष पारस जैन, मनोज तिवारी, संजय कटारिया और अभिषेक उदेनिया ने बताया कि आंदोलन को व्यापक बनाने के उद्देश्य से धोबीघाट हनुमान चौक पर बड़ी संख्या में



गो-भक्त जुटे थे। संतों के नेतृत्व में निकली यह रैली दोपहर में कलेक्टर कार्यालय पहुंची। यहां गौ-भक्तों ने गोवंश संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने की मांग दोहराई। रैली में कई मठ-मंदिरों के पुजारी और संत-महात्मा भी शामिल रहे। महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज ने कहा कि पूरे देश में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने, गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और संरक्षण-संवर्धन सुनिश्चित करने की मांग उठ रही है। इसी के तहत प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आग्रह किया गया है कि संतों और जनता की आवाज केंद्र तक पहुंचाई जाए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जिनके पास स्थान हो, वे गौमाता का पालन करें। किसी प्रकार की समस्या होने पर नजदीकी मठ-मंदिर के संतों से संपर्क कर समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गौमाता का संरक्षण राष्ट्रहित से जुड़ा है। साथ ही स्लॉटर हाउस बंद करने और जीव हत्या रोकने की मांग भी दोहराई गई।

### 5 सूत्रीय मांगें: जो गौवंश का भविष्य बदलेंगी

संस्था विश्वम के अध्यक्ष पारस जैन संस्था पाधिकारी एवं संजय कटारिया, अभिषेक उदेनिया, मनोज तिवारी ने बताया कि सरकार के समक्ष पांच स्पष्ट मांगें रखी गई हैं:

1. स्वतंत्र गो-मंत्रालय: पशुपालन विभाग से अलग एक समर्पित मंत्रालय का गठन।
2. आजीवन कारावास:गोवंश वध को गैर-जमानती अपराध बना दोषियों की संपत्ति कुर्क करने का प्रावधान।
3. प्राकृतिक खेती:गोबर और गोमूत्र की सरकारी खरीद सुनिश्चित करना।
4. शिक्षा में गो-विज्ञान: स्कूली पाठ्यक्रमों में गौ-महिमा और विज्ञान को अनिवार्य विषय बनाना।
5. गो-वाहिनी एम्बुलेंस: राजमार्गों पर प्रत्येक 50 किलोमीटर पर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराना।

### गौमाता के लिए संत सज रखा जुट

संत कार्तिक दास (उड़ीसा), संत जगदीश लाल (जगाया सी) संत अनिल कुमार उदासी, स्वामी कमल दास उदासीपंडित गोपाल कृष्ण भार्गव (गो कथावाचक), स्वामी भरत लाल उदासी स्वामी मोहन लाल, स्वामी पुरखा राम, स्वामी किशन लाला स्वामी शुंभ दास जोगी, स्वामी दयाल दास, स्वामी लालचंद्र प्रेम प्रकाशी स्वामी गणेश गिरी, स्वामी कमल पूरी, स्वामी जयेश दास, स्वामी माधव दास, स्वामी श्री हरिदास राम हंस, श्री अशोक भट्ट (मुख्य पुजारी, खजराना गणेश) श्री दीपेश जी व्यास (मुख्य पुजारी, रणजीत हनुमान), स्वामी अच्युतानंद महाराज (हरिद्वार) पवनदास महाराज (हंस दास मठ),सदगुरु परिवार श्री अन्ना जी महाराज,डॉ. चैतन्य स्वरूप जी महाराज (अखंड धाम) महामंडलेश्वर श्री राम गोपाल दास जी महाराज (पंचकुइया पीठाधीश्वर, इंदौर),साथ ही जैन संत, संत दादू महाराज एवं समस्त मठ-मंदिरों के पुजारी एवं पदाधिकारी).

16 माह का रोडमैप: 2027 में आर-पार की लड़ाई

यह आंदोलन महज एक दिवसीय प्रदर्शन नहीं है। संतों ने 2027 तक का विस्तृत रोडमैप घोषित किया है:

अक्टूबर 2026: राज्य स्तर पर बड़े शक्ति प्रदर्शन और आंदोलन।

फरवरी 2027: देश की राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर का घेराव।

16 अगस्त 2027: यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो देशभर के गौभक्त अन्न त्यागकर केवल 'गंगाजल' पर रहकर अनिश्चितकालीन तपस्या करेंगे।

**गौमाता के सम्मान की लड़ाई-** संस्था विश्वम के अध्यक्ष पारस जैन ने कहा, 'यह गौमाता के सम्मान की लड़ाई है। जब तक उन्हें राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं मिलता, यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। आज तहसील स्तर पर शंखनाद हुआ है, कल इसकी गूंज संसद तक सुनाई देगी।'

## एसीपी के पति लापता... विवाद के बाद सरकारी जीप लेकर निकले, निम्बाहेड़ा में मिले

**इंदौर। पीटीसी इलाके में रहने वाली एक महिला एसीपी के पति रविवार-सोमवार की दरमियानी रात अचानक लापता हो गए। घर में विवाद के बाद वे सरकारी जीप लेकर निकल गए। अनहोनी की आशंका के चलते एसीपी ने आजाद नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है।**

सूत्रों के मुताबिक एसीपी के पति का मोबाइल चालू था, इसके चलते लगातार मोबाइल की ट्रैकिंग की जा रही थी। पुलिस ने इसी आधार पर उनका पीछा करते हुए राजस्थान के निम्बाहेड़ा में उनके पास पहुंच गई। एसीपी पति और आजाद नगर और बाणगंगा थाना पुलिस के साथ इंदौर लौट रही हैं। जानकारी के मुताबिक, शहर में पदस्थ एसीपी और उनके पति के बीच रात में कहासुनी हुई थी। इसके बाद पति सरकारी वाहन लेकर घर से निकल गए। एसीपी ने थाना पुलिस को बताया कि जाते समय उन्होंने अनहोनी की आशंका जताई थी। सूत्रों के मुताबिक एसीपी ने पति के गुमशुदा होने को लेकर चंद घंटों में ही एफआईआर दर्ज करा दी।

शिकायत के बाद आजाद नगर थाने ने गुपचुप तरीके से पुलिसकर्मियों की टीमें बनाकर तलाश शुरू कर दी। वहीं बाणगंगा पुलिस भी उन्हें तलाशने के लिए रवाना हुई। सूत्रों के मुताबिक, उनकी लोकेशन राजस्थान के डग-बड़ौद क्षेत्र में ट्रेस हुई है। इसके बाद एक टीम वहां के साथ राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में तलाश करने में जुटी है। वे लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे थे। लेकिन मोबाइल चालू होने के कारण उन्हें निम्बाहेड़ा से ट्रेस कर लिया गया। इतना ही नहीं एसीपी ने अपने सर्कल के एक अन्य थाने से भी अलग टीम रवाना की है। पुलिस लगातार उनकी लोकेशन ट्रैक कर रही है और आसपास के इलाकों में सर्चिंग की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले की जानकारी अभी तक वरिष्ठ अधिकारियों को औपचारिक रूप से नहीं दी गई है और स्तर पर ही तलाश जारी है।

## युवक ने लगाई फांसी

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र के सुमन नगर निवासी 22 वर्षीय नितिन ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नितिन कपड़े की दुकान पर काम करता था, जबकि उसके पिता फर्नीचर का काम करते हैं। परिजनों ने आत्महत्या के पीछे किसी स्पष्ट कारण से इनकार किया है।

## खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं का प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) नई दिल्ली के आह्वान पर देशभर के करीब 5 लाख खाद, बीज एवं कीटनाशक तथा कृषि आदान विक्रेता अपनी मांगों के समर्थन में सोमवार को अपना कारोबार बंद रखा है।**

इंदौर में व्यापारियों ने प्रदर्शन कर जुलूस के रूप में प्रधानमंत्री-कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यापारी श्रीकृष्ण दुबे ने कहा कि दवाओं के सेंपल लेते हैं तो हमें भी परेशान किया जाता है। जबकि इसकी जिम्मेदारी उत्पादक कंपनी की होना चाहिए। अभी हम सांकेतिक हड़ताल कर रहे हैं। यदि इन्हें नहीं माना गया तो हम खरीफ की फसल के पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। इंदौर में भी पूरे जिले के करीब 3 हजार व्यापारी इस




आंदोलन में शामिल हैं। इंदौर जिले की महू, देपालपुर, सांवेर, राऊ, हातोद, खुडैल एवं अन्य ब्लाकों पर भी यह आंदोलन चलाया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री, इंदौर जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण दुबे, सचिव जितेन्द्र जैन एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी ने बताया कि इंदौर-उज्जैन सहित जिला मुख्यालयों पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि उर्वरक निर्माता कंपनियां सब्सिडी वाले खाद के साथ किसानों को अन्य उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य करती है, जो किसानों का आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला निर्णय है। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने कहा कि इस जबरन लिंकिंग कारोबार को तत्काल बंद कर इसे अपराध घोषित कर पूरे देश में रोक लगाने, रासायनिक खाद की आपूर्ति व्यवस्था वर्तमान में जो डिलीवरी रेलहेड तक सीमित कर दी गई है। उसके कारण व्यापारियों को प्रति बैग 40 से 50 रुपए अतिरिक्त भार उठाना पड़ रहा है। जिसका सीधा नुकसान किसानों को हो रहा है। इसे भी फ्री ऑन रोड किया जाना चाहिए और खाद की डिलीवरी सीधे व्यापारी के विक्रय केंद्र तक सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए। इसी तरह उर्वरक विक्रय के लिए डीलर का मार्जिन केवल डेढ़ प्रतिशत तय किया गया है। उसे बढ़ाकर 8 प्रतिशत करने की मांग की गई है।

### कुक से 45 हजार की ठगी

## नकद राशि ली और ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर छात्र फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया इलाके में एक कुक के साथ ठगी का मामला सामने आया है, जहां हॉस्टल में रहने वाले एक छात्र ने ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर नकद रुपए ले लिए और फरार हो गया। पुलिस ने मामले में आरोपी छात्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक खालसा चौकी निवासी हिम्मत सिंह पंवार ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह एक हॉस्टल में कुक है। इसी




हॉस्टल में रहने वाले छात्र आदित्य मेहता (निवासी क्रिस्टल रॉक व्यू हॉस्टल, स्कीम नंबर 78) ने 16 अप्रैल को उससे पैसों की जरूरत बताते हुए 45 हजार 500 रुपए मांगे। हिम्मत सिंह ने बताया कि आरोपी ने कहा था कि उसे किसी को तत्काल भुगतान करना है और वह नकद लेकर तुरंत ऑनलाइन ट्रांसफर कर देगा। इस पर हिम्मत सिंह ने अपनी पत्नी से पैसे लेकर आरोपी को दे दिए और क्यूआर कोड के जरिए रकम वापस भेजने को कहा।

आरोप है कि छात्र ने बहाना बनाया कि उसकी मां को ऑनलाइन ट्रांसफर करना नहीं आता, वह शाम को अपने पिता से बात कर रकम ट्रांसफर करवा देगा। इसके बाद वह पैसे लेकर चला गया। शाम को जब हिम्मत सिंह उसके कमरे पर पहुंचा तो वहां ताला लगा मिला। इसके बाद से आरोपी हॉस्टल नहीं लौटा। पीड़ित ने उसे कॉल और वॉट्सएप मैसेज भी किए, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस के अनुसार आरोपी छात्र मूल रूप से अजमेर का रहने वाला है। फिलहाल उसके खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# ‘शक्ति’ के लिए आरक्षण : सीएम बोले- आज नहीं तो कल 33 प्रतिशत महिला आरक्षण देंगे

## कांग्रेस का पलटवार- आज ही लागू करें, 2029 का इंतजार क्यों?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को ‘नारी शक्ति वंदन’ अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर लाया गया शासकीय संकल्प भारी हंगामे और लंबी बहस के बाद पारित हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से पेश किए गए इस संकल्प ने सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच युद्ध छेड़ दिया।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल पहले परिसीमन को ‘सीज’ कर दिया था, जिसके कारण देश की आधी आबादी आरक्षण से वंचित रही। आरोप लगाया कि कांग्रेस ने संसद में संशोधन विधेयक का समर्थन न कर महिलाओं से विश्वासघात किया। विपक्ष के हंगामे पर सीएम बोले- जोर-जोर से चिल्लाकर डराना चाहते हो। हम यहां पर भी निपटना जानते हैं और मैदान में भी।

### सरकार का रिपोर्ट कार्डः महिला केंद्रित योजनाएं

मुख्यमंत्री ने महिला उत्थान के लिए किए काम का ब्योरा दिया-

**नौकरियों में भागीदारीः** सरकारी नौकरियों में 35% आरक्षण दिया है। वास्तविक भागीदारी 40% पहुंच चुकी है।

**लाड़ली बहनाः** 1.25 करोड़ महिलाओं को आर्थिक सहायता।

**स्व-सहायता समूहः** 5 लाख से अधिक समूहों के माध्यम से 65 लाख महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया है।

**सुरक्षा तंत्रः** महिला सुरक्षा के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट, विशेष हेल्पलाइन और ‘वन स्टॉप सेंटर’ की स्थापना की गई।

### कांग्रेस- आज ही लागू करें, 2029 का इंतजार क्यों?

सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस ने सरकार को घेरते हुए कई गंभीर सवाल उठाए। विपक्ष का मुख्य तर्क यह था कि जब कानून बन चुका है, तो इसे जनगणना और परिसीमन जैसी शर्तों में क्यों उलझाया जा रहा है? उन्होंने मांग की कि वर्तमान की 543 लोकसभा और 230 विधानसभा सीटों पर ही आज से ही 33% आरक्षण लागू किया जाए। कांग्रेस ने ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण के भीतर कोटा निर्धारित करने की मांग की। विपक्ष ने कहा कि जनगणना और परिसीमन की समय-सीमा तय किए बिना यह संकल्प ‘खोखला आश्वासन’ है। विधायक अजय सिंह और बाला बच्चन जैसा वरिष्ठ नेताओं ने इसे ‘पोस्ट-डेटेड चेक’ करार दिया।

### विशेष सत्र... साढ़े नौ घंटे सिर्फ महिलाओं पर बहस

विधानसभा में साढ़े नौ घंटे तक गहन चर्चा हुई, जिसमें से 8 घंटे महिला आरक्षण के तकनीकी व राजनीतिक पहलुओं पर केंद्रित रहे।

**हाथ उठाकर मत विभाजनः** संकल्प पर विपक्ष ने मत विभाजन की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के निर्देश पर हाथ उठाकर वोटिंग कराई गई। सत्तापक्ष के बहुमत के कारण संकल्प पारित।

कांग्रेस के मुख्य सचेतक सोहन बाल्मीकि और सिंघार की आपत्ति जताने और वोटिंग की मांग करने पर प्रक्रिया को 3 बार दोहराई गई। अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि मूल प्रस्ताव सरकार का है। अलग वोटिंग की जरूरत नहीं। सदस्य लॉबी में रजिस्टर पर पक्ष दर्ज करा सकते हैं। सिर्फ कांग्रेस सदस्यों ने रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए।

### आरक्षण के बाद संभावित तस्वीर

**विधानसभा** : मध्य प्रदेश की सीटें 230 से बढ़कर 345 हो सकती हैं, जिनमें 114 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित

**लोकसभा** : मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से महिलाओं की हिस्सेदारी 6 से बढ़कर 14 हो सकती हैं।

# जहर खाकर 15 दिन की बेटी को लेकर निकली महिला, रास्ते में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेंसी। एक महिला ने सोमवार सुबह जहर खा लिया। जहर खाने के बाद वह 15 दिन की बेटी को गोद में लेकर घर से निकल गई। करीब 1 किमी दूर जमीन पर गिरी और उल्टी करने लगी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बची। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।**

पुलिस के अनुसार- सुतारपुरा (पुंजापुरा) निवासी रामेश्वर सोमवार अलसुबह विवाह कार्यक्रम में शामिल होने खरगोन रवाना हुआ। पति के जाते ही रेशमीबाई ने जहर पी लिया। बिना किसी को बताए, उसने सो रही अपनी 15 दिन की बेटी को गोद में उठाया और घर से निकल गई। तीन बेटियों की नींद खुली तो उन्होंने मां को आवाज लगाई। आसपास नहीं दिखने पर परिवार से पूछा। इसके बाद सभी उसे खोजने लगे। करीब एक किमी दूर वह सड़क किनारे उल्टी करते मिली। परिवार वाले उसे तत्काल बागली के स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां से उसे देवास जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना था कि पति-पत्नी में कोई विवाद नहीं था। रेशमीबाई ने ऐसा क्यों कदम उठाया, समझ नहीं आई। राधाबाई ने बताया कि भाभी बेटी को लेकर घर से निकल गई थी। ढूंढा तो वह बच्ची को लेकर चल रही थी। बैठकर उल्टी करने लगी, बदबू आई तो समझ आया कि उसने कुछ जहरीला पदार्थ खाया है, सभी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन रेमशीबाई को मृत घोषित कर दिया।

# वन स्टॉप सेंटर से भागीं 3 नाबालिग लड़कियां, एक 3 माह की गर्भवती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना, एजेंसी।** वन स्टॉप सेंटर से रविवार देर रात तीन नाबालिग लड़कियां डोरमेट्री की खिड़की तोड़कर भाग गईं। तीनों की उम्र 14 से 15 साल है और सभी प्रेम प्रसंग के चलते घर से भाग चुकी थीं। सोमवार सुबह घटना सामने आने पर जवाहर नगर स्थित सेंटर के प्रबंधन ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और स्मार्ट सिटी के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अधीक्षिका नीता श्रीवास्तव के मुताबिक, तीनों लड़कियां जिस कमरे में रह रही थीं, उसकी पीछे की खिड़की तोड़कर एक-एक कर फरार हुईं। सेंटर में सीसीटीवी कैमरे और मुख्य गेट पर चौकीदार तैनात होने के बावजूद किसी को भनक नहीं लगी। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पौराणिक टोला की रहने वाली एक नाबालिग तीन माह की गर्भवती है और वह तीसरी बार घर से भागी थी। उसे पहले जबलपुर से दस्तयाब कर सेंटर में रखा गया था। दूसरी लड़की उत्तर प्रदेश के बिजनौर की है, जिसके माता-पिता प्रयागराज में मजदूरी करते हैं। वह अपने दादा-दादी के साथ रहती थी और 16 अप्रैल को आरपीएफ ने उसे मझगवां में महाकौशल ट्रेन से पकड़ा था।

# म.प्र. बोर्ड परीक्षाओं में सांदीपनि विद्यालयों के 58 विद्यार्थी मेरिट में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में संचालित सांदीपनि विद्यालय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की अनूठी नजीर पेश कर रहे हैं। एमपी बोर्ड के हाल ही जारी 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालयों के 58 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट में स्थान पाने में सफलता हासिल की है। इतना ही नहीं, एमपी बोर्ड की इन परीक्षाओं में सांदीपनि विद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम साल दर साल बेहतर हो रहा है। विगत चार वर्षों में सांदीपनि विद्यालयों ने 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में 20 से 28 प्रतिशत तक का सुधार दर्ज कराया है।

वर्ष 2026 में कक्षा 10 की राज्य स्तरीय मेरिट सूची में जहां 41 विद्यार्थी सांदीपनि विद्यालयों से हैं, वहीं कक्षा 12 में विज्ञान, वाणिज्य, कला और कृषि संकायों की मेरिट सूची में 17 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

### 10वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 20 प्रतिशत बढ़ी

वर्ष 2023 से संचालित इन सांदीपनि विद्यालयों के वर्ष 2026 तक के परीक्षा परिणामों में वर्ष दर वर्ष प्रगति हो रही है। वर्ष 2023 में एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 68 था, जो वर्ष 2026 में बढ़कर 88 प्रतिशत तक पहुंच गया। वहीं 10वीं कक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत भी 46 से बढ़कर 75 प्रतिशत से अधिक हो गया है।







### सांदीपनि विद्यालयों के प्रयास उत्कृष्ट परिणाम देने पर केंद्रित

इन उपलब्धियों के पीछे सांदीपनि विद्यालयों में सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण, नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग, शिक्षक-छात्रों के बीच बेहतर संवाद तथा परिणाम आधारित रणनीतियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रथम श्रेणी में विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने के प्रतिशत में निरंतर वृद्धि इस बात का संकेत है कि अब प्रयास केवल परीक्षा पास करने तक सीमित न रहकर उत्कृष्ट परिणाम देने पर केंद्रित हो रहे हैं। इन प्रयासों ने शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की भावना तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा भी विकसित की है।

### 12वीं का परीक्षा परिणाम 28 प्रतिशत तक सुधरा

कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत वर्ष 2023 के 59 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2026 में बढ़कर 87 प्रतिशत से अधिक हो गया। वहीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 42 से बढ़कर 75 प्रतिशत तक हो गया।

### कक्षा 5वीं, 8वीं की पुनःपरीक्षा 1 जून से

शिक्षण सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों के लिए पुनः परीक्षा होगी। यह परीक्षा 1 से 6 जून 2026 के बीच होगी। इसमें प्रदेश के समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं और पंजीकृत मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 5वीं व 8वीं के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की दोबारा परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र के परीक्षा पोर्टल www.rskmp.in के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे। पुनः परीक्षा के लिए शाला प्रमुख/जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी/बी.आर.सी.सी., डी.पी.सी. के लॉगिन अंतर्गत परीक्षा पोर्टल से परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा रहेगी। सभी बी.आर.सी.सी. को निर्देशित किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके ब्लॉक के सभी विद्यार्थियों को संबंधित शाला के प्रधान पाठक के माध्यम से 25 मई तक प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाएं।

# बस ने महिला को कुचला 30 फीट तक घसीटा

**मुरैना, एजेंसी।** जौरा रोड बैरियर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार यात्री बस (एमपी06पी-1655) ने सड़क पार कर रही 40 वर्षीय महिला को कुचल दिया। हादसे में महिला बस के टायर में फंस गई और चालक ने बस रोकने के बजाय उसे करीब 30 फीट तक घसीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी बस चालक मौके से फरार हो गया। सिविल लाइन पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# टक्कर से टवेरा के परखच्चे उड़े, 5 लोगों की मौत

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** पिपरिया स्टेट हाईवे पर आंचलखेड़ा के पास रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे टवेरा और अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली टकरा गई। हादसे में टवेरा सवार 5 लोगों की मौत हो गई। 7 लोग घायल हैं। सभी मृतक और घायल महेंद्रवाड़ी व माखननगर के रहने वाले थे। वे बुधनी में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उनका इलाज जारी है। शवों का पोस्टमॉर्टम आज नर्मदापुरम में किया जाएगा।

## संपादकीय

### चाबहार की चुनौती: अमेरिकी प्रतिबंध और कूटनीति की परीक्षा

ईरान के चाबहार बंदरगाह के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट 26 अप्रैल को समाप्त होने की पृष्ठभूमि में भारत ने सोमवार को कहा कि यह मुद्दा ईरान और अमेरिका के साथ 'चर्चा के अधीन' है। साथ ही ''मौजूदा (पश्चिम एशिया) संघर्ष भी एक जटिल कारक है।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां संवाददाताओं को महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उनसे परियोजना की स्थिति के बारे में पूछा गया था, क्योंकि इस पर अमेरिका द्वारा भारत को दी गई प्रतिबंध छूट रविवार को समाप्त हो गई। जायसवाल ने कहा कि चाबहार बंदरगाह से जुड़ा मुद्दा ईरान और अमेरिका, दोनों के साथ चर्चा के दौर में है। उन्होंने कहा, ''जाहिर है, मौजूदा संघर्ष भी एक जटिल कारक है। स्थिति में जैसे-जैसे बदलाव आएगा, हम आपको सूचित करते रहेंगे।'' चाबहार बंदरगाह परियोजना की परिकल्पना अफगानिस्तान को उसके पुनर्निर्माण और आर्थिक विकास के लिए आवश्यक कनेक्टिविटी प्रदान करने और पश्चिम एशिया के साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। सरकार ने फरवरी 2026 में संसद को बताया था कि 16 सितंबर 2025 को अमेरिकी विदेश विभाग ने अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण और आर्थिक विकास के लिए ईरान स्वतंत्रता और परमाणु अप्रसार अधिनियम, 2012 के तहत 2018 में जारी किए गए प्रतिबंधों से छूट को रद्द कर दिया है। सरकार ने लोकसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया था, ''अमेरिका के साथ हुई चर्चाओं के बाद, अमेरिका ने सशर्त प्रतिबंध छूट को 26 अप्रैल 2026 तक बढ़ाने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। भारत सरकार इन घटनाक्रमों के प्रभावों को दूर करने के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ बातचीत कर रही है।''

Health is Wealth

# मोटापा बढ़ा रही है रोजाना की 1 आदत

## फिट एंड फाइन रहने के लिए आज ही करें बदलाव

**वजन या मोटापे का बढ़ना हमारी रोजाना की आदतों पर निर्भर करता है। कई बार कुछ आदतें सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा रही होती हैं लेकिन फिर भी लोग उन साइन्स को इग्नोर करते रहते हैं। हालांकि, सेहत से जुड़े कुछ साइन को कभी इग्नोर नहीं करना चाहिए क्योंकि ये धीरे-धीरे गंभीर रूप ले सकते हैं। इसके बढ़ने पर ये शरीर के लगभग हर अंग को प्रभावित करता है। जब शरीर में अतिरिक्त वसा जमा होती है, तो यह अंगों पर दबाव डालती है और शरीर में पुरानी सूजन पैदा करती है। इसका सबसे बड़ा खतरा दिल को होता है। इसके अलावा मोटापा शरीर की कोशिकाओं को इंसुलिन रेजिस्टेंट बना देता है। ऐसे में जब इंसुलिन सही से काम नहीं कर पाता, तो खून में ग्लूकोज का लेवल बढ़ जाता है, जो डायबिटीज का कारण बनता है। इस समस्या से बचने के लिए आपको अपनी आदतों पर गौर करना होगा। यहां प्रमाणित पोषण सलाहकार अनु भाटिया द्वारा बताई एक रोजाना की ऐसी आदत बता रहे हैं, जिसे तुरंत बदलना सही है।**



### ● पहले समझें कैसे बढ़ता है मोटापा

मोटापा बढ़ने की प्रक्रिया शरीर के एनर्जी बैलेंस से जुड़ी है। जब हमारे शरीर को मिलने वाली एनर्जी यानी कैलोरी उसके द्वारा खर्च की जाने वाली कैलोरी बर्न से ज्यादा हो जाती है, तो शरीर उस बची हुई एनर्जी को फैट के रूप में जमा करने लगता है और धीरे-धीरे चर्बी और वजन बढ़ जाता है।

### ● रोजाना की किस आदत से बढ़ता है मोटापा

बहुत से लोग घर का खाना खाते हैं लेकिन फिर भी वह मोटे होते रहते हैं इसके पीछे की मुख्य वजह है टाइमिंग। अगर आप घर पर बनी दाल, सब्जी, रोटी को रात 10 बजे के बाद खाते हैं तो ये समस्या की वजह है। रोजाना देरी से डिनर करना न सिर्फ वजन बढ़ाता है बल्कि इससे शरीर में वजन जमा होने का तरीका भी बदल जाता है। जो महिलाएं रात में देरी से खाना खाती हैं उनमें बॉडी फैट ज्यादा होता है, खासतौर से पेट के आसपास।

### ● क्यों होता है ऐसा

ऐसा इसलिए होता है क्योंकि रात के समय मेटाबॉलिज्म कम हो जाता है, इंसुलिन सेंसिटिविटी भी ड्रॉप हो जाती है और फैट बर्न करने की प्रक्रिया भी बंद हो जाती है। इसलिए जब आप रात में खाते हैं तो आपका शरीर फैट ज्यादा स्टोर करता है। दरअसल, सूरज ढलने के बाद कोर्टिसोल भी कम हो जाता है और मेलाटोनिन (स्लीप हार्मोन) बढ़ने लगता है। देरी से खाना खाने पर ये दोनों हार्मोन एक साथ फैट स्टोरेज का कारण बनते हैं।

### ● क्या करें

बहुत से लोग टाइमिंग बदलने की जगह खाने की क्वांटिटी में बदलाव करते हैं। जबकि इससे कुछ नहीं होगा। रोजाना 7 से 7:30 के बीच में डिनर करने से फैट मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है, स्लीप क्वालिटी में भी सुधार आता है और इंसुलिन प्रतिक्रिया भी बेहतर होती है।

# शरीर में हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी को कैसे करें पूरा? सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर ने बताया क्या खाएं

**हीमोग्लोबिन खून में मौजूद एक प्रोटीन होता है, जो शरीर के हर हिस्से तक ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। जब इसकी कमी हो जाती है, तो शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है और इसी कारण से आमतौर पर लोग एनीमिया (Anemia) का शिकार हो जाते हैं। भारत में 45 वर्ष से अधिक उम्र की बड़ी संख्या में महिलाएं एनीमिया (खून की कमी) से जूझ रही हैं। यह समस्या सिर्फ उम्र तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रेग्नेंसी के दौरान भी कई महिलाओं में हीमोग्लोबिन का लेवल गिर जाता है। जब शरीर में पर्याप्त खून नहीं होता, तो मां और बच्चे दोनों को जरूरी ऑक्सीजन और पोषण नहीं मिल पाता है। यही कारण है कि डिलीवरी के समय कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर ने हाल ही में वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह बता रही हैं कि रोजाना क्या खाकर शरीर में आप हीमोग्लोबिन और आयरन के लेवल को बढ़ा सकते हैं।**

### आयरन के लिए क्या-क्या खाना चाहिए-

रुजुता दिवेकर का कहना है कि हीमोग्लोबिन या आयरन की कमी को हेल्दी-पौष्टिक चीजों को खाकर पूरा किया जा सकता है। उनका कहना है कि आप रोजाना कुछ चीजों को डायट में शामिल कर अपने शरीर में खून की कमी को आसानी से पूरा कर सकते हैं। तो चलिए बताते हैं उन्होंने किन चीजों को खाने की सलाह दी है।

### 1 फ्रेश फ्रूट डेली

रुजुता दिवेकर का कहना है कि अभी आम का सीजन आ चुका है, हर दिन 1 आम खाइये। आम में विटामिन सी की मात्रा भरपूर होती है। आम के अलावा अमरूद या पेरू भी खा सकते हैं। जब शरीर को विटामिन सी भरपूर मात्रा में मिलता है, तो इससे आयरन भी बनना शुरू हो जाता है। ऐसे ही हीमोग्लोबिन मेंटेन रहता है।



### दाल और फलियां

न्यूट्रिशनिस्ट का कहना है कि अरहर, मूंग, कुलिठ, चना, उड़द, मटकी जैसी दालें अमिनो एसिड से भरपूर होती हैं। इन दालों को खाने से शरीर में आयरन बनने लगेगा और अपने आप हीमोग्लोबिन का लेवल मेंटेन हो जाएगा। इन दालों और फलियों को आपको चावल, रोटी के साथ खाना होगा। सिर्फ दाल या फलियां खाने से सेहत को फायदे नहीं मिलेंगे।

### दही, छाछ

नाश्ते या लंच में दही, छाछ या फिर लस्सी को जरूर शामिल करें। इनमें कई तत्व होते हैं और ये शरीर में B12 को बैलेंस करते हैं। इन्हें खाने से भी शरीर में हीमोग्लोबिन का लेवल सामान्य बना रहेगा।

### चना-गुड़

पहले जमाने के लोग गर्मी के मौसम में चना गुड़ खाया करते थे, जो आयरन का अच्छा सोर्स माना जाता है। चना-गुड़ खाना शुरू करें, इससे आयरन की कमी पूरी होगी और भी कई फायदे मिलेंगे।

### खुबानी (Apricot)

खुबानी फल ज्यादातर लोग बाजार में देखकर भी नहीं लेते हैं लेकिन इसे खाने से भी आयरन की कमी पूरी हो जाती हैं। रुजुता ने कहा कि हर दिन 1 खुबानी जरूर खानी चाहिए।

### हलीम बीज (Aliv) के लड्डू

हलीम बीज (Aliv) को शरीर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। अगर आप शरीर में हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी को पूरा करना चाहते हैं, तो हलीम बीज के लड्डू रोजाना एक जरूर खाएं। ये काफी पौष्टिक होता है और गुड़ के साथ आसानी से बन जाता है।

### लोहे की कढ़ाही या तवा

रुजुता का कहना है कि आयरन की कमी को पूरा करने के लिए अपने यहां बर्तन भी खास भूमिका निभाते हैं। आप सब्जियां लोहे की कढ़ाही में बनाएं, जिससे वह और पौष्टिक हो जाएंगी। लोहे का तवा और कलछी का इस्तेमाल करें।

### क्या नहीं खाना चाहिए

न्यूट्रिशनिस्ट का कहना है कि सिगरेट, तंबाकू, शराब पीने से बचें। ज्यादा ब्लैक कॉफी भी आयरन लेवल को कम करती है।

New Delhi

# 15 साल साथ रहने और 7 साल का बच्चा होने के बाद यौन उत्पीड़न का आरोप, सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में महिला को दी नसीहत!

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया है कि लंबे समय तक लिव इन रिलेशनशिप में रहने और इस रिश्ते से एक बच्चा होने के बाद कोई महिला कैसे अपने पार्टनर पर यौन शोषण का आरोप लगा सकती है? कोर्ट ने कहा है कि लिव इन रिलेशनशिप के अपने जोखिम होते है. इसमें शादीशुदा संबंधों जैसी स्थिरता और उसके मुताबिक क़ानूनी हक़ नहीं मिल सकते. जब कपल बिना शादी किए एक दूसरे के साथ रहते है तो वो कभी भी इस छोड़ सकते हैं. इस रिश्ते को खत्म कर देने से किसी पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता.

जस्टिस बी वी नागरत्ना ने यह टिप्पणी महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए दी, जिसने अपने लिव



इन पार्टनर पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया था. महिला का कहना था कि उसके पार्टनर ने इस बात को छिपाया था कि वो पहले से ही शादीशुदा था. मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने महिला के लिव इन पार्टनर के खिलाफ BNSS की धारा 69, 115(2) और 74 के तहत दर्ज केस को रद्द कर दिया था. इस आदेश को महिला ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी.

आज सुनवाई के दौरान महिला की ओर से पेश वकील ने कहा कि उसकी मुवक्किल कम उम्र में ही विधवा हो गई थी. आरोपी ने उसके हालात का फायदा उठाया. उसने शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया. वकील ने दलील दी कि आरोपी ने महिला से वायदा किया था कि वो शादी करेगा पर उसका यह वायदा झूठा था क्योंकि वो पहले से शादीशुदा था. उसने अपने शादीशुदा होने की बात महिला से छिपाई.

Uttarpradesh

**लखीमपुर खीरी में दर्दनाक हादसा**

## तेज रफ्तार कार ने बाइकों में मारी टक्कर, चार की मौत कार चालक समेत दो घायल



**बरेली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में दर्दनाक हादसा हुआ है। लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। फरधान थाना क्षेत्र के लखनापुर चौराहे के पास तेज रफ्तार कार ने दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कार चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने फरधान थाना पुलिस को कई बार फोन किया, लेकिन समय पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। आरोप है कि न तो कॉल रिसीव हुआ और न ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। बाद में नीमगांव थाना क्षेत्र की पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने घायलों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहां से दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घायलों में कार चालक भानु प्रताप उर्फ शालू सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी बेहजम व गुंजन पुत्र कमलेश दीक्षित निवासी गाजीपुर मितौली शामिल हैं। वहीं, मृतकों में हितेश शुक्ला पुत्र कमल किशोर 42 वर्ष निवासी सोनौरा थाना नीमगांव, हरिकिशन पुत्र विनोद कुमार 40 वर्ष निवासी सोनौरा थाना नीमगांव, अनुज कुमार पुत्र विजय कुमार 35 वर्ष निवासी बसारा थाना नीमगांव व आदर्श कुमार पुत्र राम सहोदर 28 वर्ष निवासी बसारा थाना नीमगांव शामिल हैं।

Chhattisgarh

## ठेले पर गोलगप्पे खाने से 6 साल के मासूम की मौत, 36 से अधिक लोगों की हालत गंभीर

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड में गिरिडीह के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बजटो गांव में शनिवार शाम गोलगप्पे खाने से तीन दर्जन यानी 36 से अधिक लोग बीमार हो गए. इनमें सबसे अधिक संख्या बच्चों की है. सभी को तेज बुखार, पेट दर्द, उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी. आनन-फानन में बीमार लोगों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान 6 साल के बच्चे की मौत हो गई. मृतक की पहचान बजटो निवासी रंजन कुमार के रूप में हुई है. इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच में जुट गया है. बीमार पड़े लोगों में अधिकांश बच्चे शामिल हैं. जिन बच्चों और महिलाओं को अस्पताल लाया गया, उनमें 12 वर्षीय दिवाकर कुमार, 12 वर्षीय शिवम कुमार, 10 वर्षीय अनुराधा कुमारी, 10 वर्षीय मनीता कुमारी, 11 वर्षीय रिया कुमारी, 12 वर्षीय प्रिंस कुमार, 8 वर्षीय रानी कुमारी, 5 वर्षीय रंजन कुमार, 16 वर्षीय सुजीत कुमार वर्मा, 10 वर्षीय बादल कुमार, 17 वर्षीय मधु वर्मा, रेखा देवी, रिंकी देवी, बलराम प्रसाद वर्मा समेत अन्य शामिल हैं.

Telangana

## चिकन करी ना बनाने से नाराज हुआ पति तो पत्नी ने ले ली जान, काट डाली गर्दन

**तेलंगाना, (एजेंसी)** तेलंगाना के कामारेड्डी से हाल ही में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां चिकन करी को लेकर पत्नी के बीच हुए झगड़े ने तब भयानक मोड़ ले लिया, जब पत्नी ने गुस्से में पति की गर्दन काट डाली और शख्स की मौत हो गई। 28 वर्षीय शख्स कबाड़ी की दुकान में काम करता था।

जानकारी के मुताबिक बीते शनिवार रात करीब 9 बजे, पीड़ित कोंडडम शिवाजी का अपनी पत्नी लक्ष्मी से चिकन करी नहीं बनाने को लेकर झगड़ा हो गया। कथित तौर पर लक्ष्मी ने चिकन बनाने से मना कर दिया था, जिससे शिवजी नाराज हो गया था। मामला बढ़ने पर पास में रहने वाले रिश्तेदार ददैय्या और शारदा मौके पर पहुंचे और दोनों को समझाकर शांत कराया।

हालांकि उनके जाने के थोड़ी देर बाद ही झगड़ा



फिर शुरू हो गया और बात और बिगड़ गई। झगड़ा बढ़ता देख एक दूसरे रिश्तेदार ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन दोनों नहीं माने और बहस चलती रही। पुलिस के मुताबिक, "बहस के दौरान लक्ष्मी ने अचानक घर में रखा हंसिया उठाया और शिवाजी की गर्दन पर वार कर दिया। हमले के बाद वह गिर गया और सिर में भी चोट लगी। ज्यादा खून बहने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।"

खेल

# 39 गेंदो में आरसीबी ने दिल्ली के खिलाफ जीता मुकाबला विराट कोहली ने आईपीएल में पूरे किए नौ हजार रन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दिल्ली कैपिटल्स को महज 39 गेंदों में नौ विकेट से हरा दिया। सोमवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मुकाबले में दिल्ली की टीम 16.3 ओवरों में सिर्फ 75 रन ही बना सकी। जवाब में आरसीबी ने 6.3 ओवर में एक विकेट खोकर 77 रन बनाए और मुकाबला जीत लिया। इस दौरान विराट कोहली ने आईपीएल में नौ हजार रन भी पूरे कर लिए।

दिल्ली कैपिटल्स को मैच की दूसरी गेंद पर साहिल परख के रूप में पहला झटका लगा। साहिल अपने आईपीएल करियर के पहले मैच में खाता तक नहीं खोल सके। इसके बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। आलम ये रहा कि मेजबान टीम ने महज आठ के स्कोर तक छह विकेट खो दिए थे। इसके बाद डेविड मिलर ने अभिषेक पोरेल के साथ सातवें विकेट के लिए 31 गेंदों में 35 रन की साझेदारी करते हुए



टीम को संभालने की कोशिश की। इस बीच धूलभरी आंधी शुरू हो गई और कुछ मिनटों के लिए मैच रोकना पड़ा। हालांकि, सभी खिलाड़ी मैदान पर ही डटे रहे।

कुछ देर बाद मुकाबला फिर से शुरू हुआ। नौवें ओवर की अंतिम गेंद पर मिलर आउट हो गए। उन्होंने 18 गेंदों में तीन चौकों के साथ 19 रन की पारी खेली, जिसके बाद अभिषेक ने मोर्चा संभालते हुए 33 गेंदों में 30 रन जुटाए। उनके अलावा, काइल जैमीसन ने 12 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

आरसीबी की तरफ से जोश हेजलवुड ने 12 रन देकर चार विकेट हासिल किए, जबकि भुवनेश्वर कुमार ने तीन विकेट निकाले। रासिख सलाम डार, सुयश शर्मा और क्रुणाल पांड्या ने एक-एक विकेट हासिल किया।

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने महज 6.3 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ 2.5 ओवरों में 26 रन की साझेदारी की। बेथेल 11 गेंदों में 2 छक्कों और 1 चौके के साथ 20 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद देवदत्त पड्डिकल ने कोहली के साथ 22 गेंदों में 51 रन की अटूट साझेदारी करते हुए आरसीबी की टीम को आसान जीत दिलाई। कोहली 15 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके के साथ 23 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि पड्डिकल ने 13 गेंदों में तीन छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 34 रन की नाबाद पारी खेली। दिल्ली की तरफ से एकमात्र सफलता काइल जैमीसन के हाथ लगी।

इस मुकाबले में किंग कोहली ने इतिहास रच दिया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में नौ हजार रन पूरे कर लिए। विराट आईपीएल में नौ हजार रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज बन गए। उनके नाम 275 मैचों में आठ शतक और 66 अर्धशतकों के साथ 9012 रन दर्ज हो गए। इसके अलावा कोहली आईपीएल में दिल्ली के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

सिनेमा

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बताया बेटी शोरा का एक्टिंग प्लान, बोले- डांस में मेरा कॉन्फिडेंस खत्म कर दिया



नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा के चर्चे पहले भी इंटरनेट पर हो चुके हैं। वह एक बार फिर से गूगल के टॉप ट्रेंड्स में हैं। शोरा के ट्रेंड होने की वजह उनके पिता का रीसेंट इंटरव्यू है। इसमें नवाज ने अपनी बेटी के एक्टिंग के लिए पैशन पर बात की। साथ ही बताया कि वह शोरा उनकी बड़ी क्रिटिक है। वह उनके डांस का मजाक उड़ाती है। नवाज ने यह भी बताया कि शोरा फिल्मों में आएंगी या नहीं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी जूम से बातचीत कर रहे थे। यहां उन्होंने फिल्मों से जुड़े कई सारे टॉपिक्स पर बात की। उनसे पूछा गया कि उनकी बेटी काफी खूबसूरत है और इंटरनेट पर लोग उन्हें पसंद कर रहे हैं। उनसे पूछा गया कि शोरा को कब लॉन्च कर रहे हैं। इस पर नवाज ने जवाब दिया कि बेटी अभी पढ़ाई पूरी कर रही है। नवाज ने बताया कि उनकी बेटी शोरा एक्टिंग के लिए बहुत पैशनेट है पर अभी उसकी पढ़ाई पूरी हो जाए उसके बाद ही ये सब करेगी। नवाज ने बताया कि उनकी बेटी उनकी सच्ची क्रिटिक है। वह बोले, सारी बेटियां बिल्कुल मुंह पर बोल देती हैं। नवाज से पूछा गया कि शोरा को उनकी कौन सी फिल्म पसंद है? इस पर वह बोले, 'मेरी बेटी ने मेरी फिल्में नहीं देखी हैं। एक दो-दो फिल्म देखी होंगी तो मैं कह नहीं सकता। गैंग्स-वैंग्स चुपके से देख ली होगी।'

## Highlights

1. **ISIS member convicted in 2022 Mangaluru pressure cooker blast case**
2. **Vedanta completes compensation payouts to victims of plant blast**
3. **Odisha man brings sister's skeleton to bank after being told to bring account holder**
4. **BJP sent its agent: Akhilesh on UP encounter specialist in WB**
5. **Viral video shows Marine Drive crash that killed 3 on the spot**

# Winds of change in Sun Pharma's $11.75 billion Organon acquisition announcement

**NEW DEIHI, (Agency).** Sun Pharmaceutical Industries on Monday announced the $11.75 billion acquisition of Organon & Co., in a seemingly aggressive push into the US market that has long decided the global fortunes of Indian drugmakers. However, the biggest buyout by an Indian company in nearly 20 years also signals that the US generics market's decades-long allure is beginning to fade for Indian drugmakers, which are now eyeing newer markets such as China, South Korea, and Spain with branded generics.

Announced early on Monday, the Organon acquisition ranks as the second-largest acquisition by an Indian company, behind Tata Steel's 2007 deal to buy British steel maker Corus Group for $12 billion.

For years, Indian pharma rode a powerful wave in the US, as expiring patents of blockbuster small-molecule drugs opened a gold mine for low-cost generic drug makers in the world's largest drug market. Companies like Dilip Shanghvi-led Sun Pharma built scale, profitability and global credibility by pushing




into the US. Even today, the US contributes about 31% of Sun's revenues, second only to the Indian domestic market bringing 37%.

The Organon buyout subtly but significantly alters that balance—once the deal concludes, India's share in the combined $12.4 billion revenues of Sun Pharma-Organon drops to 17%, while the US accounts for 27%. In absolute terms, US revenues will increase from $1.9 billion to $3.35 billion, or an incremental $1.4 billion. Organon revenues in 2025 stood at $6.2 billion.

That mismatch underscores the deal's real intent—Shanghvi is not paying a premium to double down on the US. He is buying access—to markets, portfolios, and new therapeutic segments that lie beyond it, industry experts and analysts said. According to Sun Pharma managing director Kiran Ganorkar, the real value is in geographic diversification. It opens up markets such as Korea where Sun had little or no presence, and strengthens its foothold in regions like China and Spain where Organon already has scale.

The acquisition improves Sun's penetration into select large markets such as China and South Korea, Bino Pathiparampil, head of research at Elara Capital said in a report. China, in particular, stands out as a strategic prize. In a statement, Sun's Ganorkar described it as an "untapped $150 billion opportunity", and the buyout provides Sun with a ready-made platform to participate in that growth.

# Now, India pushes diesel, LPG blending plans

**Ahmedabad, (Agency).** The government is taking decisive steps towards rolling out blended diesel and commercial liquefied petroleum gas, finalising a set of standards for such fuels to reduce reliance on imports and boost energy security amid lumbering geopolitical tensions, people aware of the matter said.

The Bureau of Indian Standards (BIS) is examining inputs from refiners and the transport industry to finalise specifications for diesel blended with 10% iso-butyl alcohol (IBA), a flammable liquid typically produced from fermented grains. Publication of the standard is expected by June 15, 2026,




according to a status report reviewed by HT.

Technical teams at BIS, India's standards-setting body, are working through consultations with stakeholders before finalisation, one person familiar with the process said. Separately, the government is also preparing final standards for dimethyl ether (DME)-blended LPG for commercial use by May 15. A revised benchmark is expected to be notified after consultations, according to people aware of the matter. DME is a gas that can be produced from natural gas, coal and biomass. Officials said blended LPG is being considered only for commercial applications, while household LPG cylinders will continue with conventional fuel mixes. "The contents of domestic LPG cylinders will remain unblended," one person said, adding that DME blends may not be suitable for household cooking use.

# हीरानगर और बाणगंगा में ढाबों पर सर्चिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अवैध नशाखोरी और सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत हीरानगर और बाणगंगा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। देर रात पुलिस ने क्षेत्र के कई ढाबों और होटलों पर अचानक दबिश देकर सघन चेकिंग की, जिसमें कई जगह खुलेआम शराब परोसने की शिकायतें सही पाई गईं। ढाबों पर घेराबंदी कर कई लोगों को पकड़ा गया।**



हीरानगर और बाणगंगा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान कई ढाबों पर ग्राहकों को अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी। मौके पर मौजूद लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। दाऊ दा ढाबा,गुरु ढाबा,एमके ढाबा,द हट्टी, बुंदेलखंडी ढाबा,बम्बइया ढाबा सभी ढाबा संचालकों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की कार्रवाई से आसपास के ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया। कई जगह संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद कर मौके से हट गए। इसके बाद संवेदनशील इलाकों में पैदल मार्च किया गया। ढाबों पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने गौरी नगर, जाम का बगीचा और रूप नगर जैसे क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। इस दौरान सड़क किनारे खड़े संदिग्धों की तलाशी ली गई और उनसे पूछताछ की गई।

## बाइक निकालने पर पत्थरबाजी, आधा दर्जन घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। छत्रीपुरा क्षेत्र में बाइक निकालने की बात पर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि पत्थरबाजी तक पहुंच गया। घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल कराकर मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक ओटकर परिवार और दूसरे पक्ष के बीच रास्ते से बाइक निकालने को लेकर कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद के बाद एक पक्ष के लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसमें दूसरे पक्ष के करीब चार लोग घायल हो गए, जबकि ओटकर परिवार का एक सदस्य भी सिर में चोट लगने से घायल हुआ है। घटना के बाद माता महारानी नगर के लोग थाने पहुंच गए और वहां भी जमकर हंगामा किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। खुफिया शाखा के जवानों ने भी मौके पर पहुंचकर भीड़ को हटाया। जानकारी के मुताबिक, देर रात दोनों पक्षों के बीच एफआईआर दर्ज होने के बाद लिखित समझौता हो गया। फिलहाल पुलिस ने किसी की गिरफ्तारी नहीं की है।

# दोस्त बना आरोपी, छात्रा को दी धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सदर बाजार थाना क्षेत्र में कॉलेज छात्रा ने परिचित युवक फरदीन खान के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने पहले शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे परिवार ने ठुकरा दिया। इसके बाद वह लगातार मैसेज कर परेशान करने लगा और पीछा करने लगा। रविवार रात उसने छात्रा के भाई की हत्या की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में 27 वर्षीय युवती ने राकेश उर्फ गोलू चोपदार (नंदानगर निवासी) के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी लंबे समय से उसका पीछा कर रहा था। पूर्व में शिकायत के बावजूद वह नहीं माना। रविवार को आरोपी ने घर के बाहर आकर छेड़छाड़ और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

## तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर दो पक्षों में गदर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खजराना इलाके में तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर तपेश्वरी बाग में दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। डंडों से एक-दूसरे पर हमला किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दूसरे पक्ष की ओर से दुर्गेश और आनंद के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पीछा कर की छेड़छाड़, पिस्टल से धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 30 साल की पीड़िता ने बताया कि वह बेटी और उनके दोस्त के साथ पितृ पर्वत घूमने गई थी। लौटते समय लवकुश चौराहा के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। साइड रास्ते से पेट्रोल पंप की ओर जाते समय बिना नंबर की बाइक पर सवार दो युवक उनका पीछा करने लगे। आरोपियों ने अश्लील टिप्पणियां करते हुए महिला से अभद्रता की। विरोध करने पर एक आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। जब महिला ने शोर मचाया तो दूसरे आरोपी ने पिस्टल निकालकर उसे और बच्चों को धमकाया। शोर सुनकर पेट्रोल पंप पर लोग जुटे तो दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों की पहचान विशाल और नितीन के रूप में की है और उनकी तलाश जारी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक